राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश
लखनऊ – 226027

संख्या : ई– 975 /जी0एस0
दिनांक : 10, फरवरी, 2022

प्रेषक,

कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

महोदय / महोदया,

कुलपति, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा अनुसंधान निदेशालय की स्थापना की गई है और उसके लिए एक आचार्य को निदेशक का दायित्व भी दिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यों पर कार्यरत आचार्य / सहयुक्त आचार्य तथा सहायक आचार्य द्वारा विभिन्न अनुसंधान के लिए जो प्रयास किये गये हैं उनका एक संकलन तैयार किया गया है, जिसे Research Compendium 2015-2021 के रूप में प्रकाशित किया गया है। इसमें वर्ष 2015 से वर्ष 2021 तक जितने भी पेपर के प्रकाशन हुए हैं वह समाविष्ट हैं। इस संकलन में विभागवार विषयों को वर्गीकृत किया गया है। इसकी प्रति महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से प्राप्त की जा सकती है। इस प्रकार के संकलन नितान्त उपयोगी हैं।

इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह अनुरोध करने की अपेक्षा की गई है कि कृपया अपने–अपने विश्वविद्यालय / संस्थान के संदर्भ में इस प्रकार के Research Compendium को प्रकाशित कराने का कष्ट करें तथा उपरोक्तानुसार एक आचार्य को इस दायित्व के निर्वहन हेतु सम्बद्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(महेश कुमार गुप्ता)
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव।